# मथुरा पी.जी. कॉलेज रसड़ा-बलिया (उ0प्र0)

## बी.ए. प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा-2021-22

### प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विशेष सूचना (Entrance Exam.2021-22 Brochure)

**प्रवेशार्थी प्रवेश–परीक्षा फार्म भरने से पूर्व निम्नलिखित सूचनाओं पर विशेष ध्यान दें–**

**आवेदन–पत्र महाविद्यालय की बेबसाइट https://www.mathurapgcollege.com पर आनलाइन भरा जायेगा।**

- आवेदक अपना मोबाइल नम्बर स्पष्ट रूप से अंकित करें।इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आगे की प्रक्रिया बाधित हो जायेगी।
- प्रवेश आवेदन–पत्र में अपना मोबाइल नम्बर, जन्मतिथि एवं अधिभार **(Weightage)** स्पष्ट लिखें क्योंकि एक बार **Save** होने के बाद उनमें परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।आवेदन–पत्र में भरे गये विषय का अंतिम रूप से निर्धारण काउंसिलिंग के समय उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जायेगा। काउंसिलिंग के बाद विषय–परिवर्तन किसी भी दशा में संभव नहीं होगा।
- प्रवेश परीक्षा आवदेन–पत्र आनलाइन भरा जाना है। आवेदन–पत्र भरे जाने के पश्चात प्रवेश परीक्षा का निर्धारित शुल्क रू0 200 (दो सौ) आनलाइन जमा कर **Print Reciept** (रसीद) अवश्य प्राप्त कर लें।रसीद निर्गत होने के बाद ही अभ्यर्थी द्वारा भरा गया प्रवेश आवेदन–पत्र अंतिम रूप से मान्य होगा।
- उपरोक्त सूचनाओं की अनदेखी या लापरवाही से आवेदन–पत्र में किसी भी प्रकार की कमी अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित कर सकती है, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

- **आवेदन कर्त्ता स्वयं का मोबाइल नं0, आधार नं0 एवं ईमेल आई0डी0 आवेदन फार्म में अंकित करे।**

**बी0ए0 प्रथम वर्ष सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश परीक्षा समिति-**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | डॉ0 बब्बन राम | संयोजक |
| (2) | डॉ0 आलिया खातुन | सह संयोजक |
| (3) | डॉ0 कल्पनाथ गिरि | सह संयोजक |

**कार्यालय सहायक-**

(1) श्रीमती कैलाशी देवी

(2) श्री प्रभात कुमार श्रीवास्तव

**(क) प्रवेश हेतु सामान्य नियम -**

(1) प्रवेश में आरक्षण की सुविधा माननीय उच्च न्यायालय एवं उ0प्र0 शासन के नवीनतम् प्राविधानों के अनुरूप प्रदान की जायेगी।

(2) **प्रवेश परीक्षा केन्द्र - मथुरा पी0जी0 कालेज रसड़ा-बलिया**

(3) शासन/विश्वविद्यालय से समय–समय पर निर्गत होने वाले सभी नियम मान्य होंगे।

(4) बी0ए0 प्रथम वर्ष सत्र 2021–2022 में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों पर नियमानुसार प्रवेश–परीक्षा की मेरिट के आधार पर लिया जायेगा।उत्तर प्रदेश आरक्षण–अधिसूचना के अनुसार छात्र/छात्राओं को आरक्षण नियमानुसार देय होगा।आरक्षित सीटें रिक्त रहने पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा नियमानुसार भरी जायेंगी।आरक्षण का लाभ केवल उ0प्र0 के मूल निवासी अभ्यर्थियों को ही मिलेगा।

(5) **प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी सभी सूचनायें महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं कालेज की बेबसाइट https://www.mathurapgcollege.com पर दी जायेंगी।**

(6) योग्यता गुणांक प्रतिदेय अधिभार के साथ बनाया जायेगा।

(7) प्रवेश के बाद किसी भी स्थिति में विषय का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश हेतु जमा किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

(8) **मूल प्रमाण –पत्रों को बिना देखे तथा चरित्र प्रमाण–पत्र, टी.सी./माइग्रेशन प्रमाण–पत्र को जमा किये बिना प्रवेश संभव नहीं होगा।** प्रवेश के लिए सूचित तिथि एवं समय पर समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं निर्धारित शुल्क सहित उपस्थित नहीं होने पर चयनित अभ्यर्थी का प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा।

(9) **प्रवेश संस्तुत होने के दिन ही शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।** गलत सूचनाओं के आधार पर लिया गया प्रवेश शुल्क जमा करने के बाद भी निरस्त कर दिया जायेगा। जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

(10) यदि भूल से किसी ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त हो जाती है और उसे प्रवेश–पत्र निर्गत कर दिया जाता है, जिसे प्रवेश परीक्षा में बैठने का अधिकार न हो अथवा वह अर्ह न हो अथवा किसी अन्य कारण से परीक्षा में सम्मिलित होने का पात्र न हो तो महाविद्यालय को उसे परीक्षा से वंचित करने अथवा उसके परीक्षा फल को निरस्त करने का अधिकार होगा।

(11) **अनुचित साधन का प्रयोग**–यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के समय अथवा किसी अन्य स्थिति में किसी प्रकार के अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पाया जाता है तो उसकी प्रवेश परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।परीक्षा कक्ष में किसी अन्य से बातचीत करना, निर्धारित कक्ष एवं सीट पर न बैठना अनुचित साधन प्रयोग माना जायेगा।इस सम्बन्ध में कक्ष निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर केन्द्राध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

(12) महाविद्यालय के प्राचार्य को किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त करने का अधिकार होगा।

(13) ऐसे अभ्यर्थी जो पुलिस रिकार्ड के अनुसार हिस्ट्रीशीटर या नैतिक पतन के किसी अपराध अथवा किसी आपराधिक मामले में सम्मिलित हो, महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और यदि तथ्य छुपाकर कोई प्रवेश ले लिया गया तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

(14) महाविद्यालय में किसी छात्र का प्रवेश नियमों के विरुद्ध होने अथवा गलत तथ्यों के आधार पर होने की स्थिति में प्राचार्य द्वारा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

(15) महाविद्यालय के अनुशासक मंडल द्वारा महाविद्यालय परिसर में रैगिंग करने वाले, वातावरण को दूषित करने अथवा महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध दुर्व्यवहार करने का दोषी पाये जाने वाले छात्र/छात्रा का प्रवेश बिना कारण बताये निरस्त कर दिया जायेगा।

(16) सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

## आरक्षण

**आरक्षण संवर्ग– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ी जाति के लिए क्रमशः 21, 02 तथा 27 प्रतिशत स्थान (कुल 50 प्रतिशत) आरक्षित हैं।** प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।नियमानुसार आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी हों।

## क्षैतिज आरक्षण

(क) दिव्यांग अभ्यर्थियों की सभी श्रेणियों (दृष्टिहीन/कम दृष्टि, श्रवण ह्रास एवं पालन नि:शक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिए पृथक–पृथक एक प्रतिशत (1 %) स्थान कुल 03 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित हैं।

(ख) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए कुल 02 प्रतिशत आरक्षण अपने संवर्ग में देय होगा।

(ग) महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित हैं।

(घ) महाविद्यालय के कर्मियों (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक) के आश्रितों (यथा–पुत्र,पुत्री, पति, पत्नी) के लिए 5 प्रतिशत स्थान आरक्षित है।

(ङ) आर्थिक रूप से कमजोर अनारक्षित (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण देय होगा।यह पहले से दिये जा रहे आरक्षण से अतिरिक्त होगा। इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

नोट– दिव्यांग अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।किसी भी तरह के आरक्षण के लाभ लेने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## (ख) महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर पढ़ाये जाने वाले विषय –

1. हिन्दी साहित्य
2. संस्कृत
3. राजनीति शास्त्र
4. अर्थशास्त्र
5. भूगोल
6. शिक्षा शास्त्र
7. समाजशास्त्र

| संकाय | ग्रुप 'क' | ग्रुप 'ख' | ग्रुप 'ग' |
|---|---|---|---|
| कला संकाय | (1) हिन्दी साहित्य<br>(2) संस्कृत | (1) भूगोल<br>(2) शिक्षा शास्त्र | (1) राजनीति शास्त्र<br>(2) समाजशास्त्र<br>(3) अर्थशास्त्र |

**अभ्यर्थी निम्न दो वर्गों में से कुल तीन विषयों का चयन करें।प्रत्येक वर्ग से न्यूनतम एक विषय का चयन अनिवार्य है।**

**विषय का आवंटन विश्वविद्यालय के निर्देशों के आलोक में किया जायेगा।**

**(ग) (i) अधिकतम अंतराल (गैप) - दो वर्ष**

**बी0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।**

**सन् 2019 के पूर्व इण्टरमीडिएट/ उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन न करें।** एक वर्ष के अंतराल पर 05 गुणांक तथा दो वर्ष के अंतराल पर 10 गुणांक की कटौती के पश्चात् योग्यता गुणांक का निर्धारण होगा। अंतराल हेतु **नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति** लगाना अनिवार्य होगा। मूल प्रति प्रवेश के समय उपलब्ध करायें। शपथ–पत्र इस आशय का होगा कि अभ्यर्थी ने अंतराल वर्ष/वर्षों में कहीं प्रवेश नहीं लिया था और न ही अनुचित साधन प्रयोग में दंडित किया गया था। शपथ पत्र में अभ्यर्थी यह भी घोषित करेगा कि उसके अर्ह न होने की दशा में या उसके द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के असत्य होने की स्थिति में यदि मेरा प्रवेश महाविद्यालय द्वारा निरस्त किया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

**(घ) अधिभार के नियम**

1. (अ) मण्डल स्तरीय खेल–कूद के लिये
   G-1 – 05 गुणांक
   राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय/खेल–कूद लिए – 10 गुणांक
   G-2
   (उपरोक्त में से केवल एक अधिभार देय होगा)
2. (अ) एन.सी.सी. 'ए' प्रमाण पत्र NCC(A) – 02 गुणांक
   (ब) एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र NCC(B) – 05 गुणांक
   (स) एन.सी.सी. 'सी' प्रमाण पत्र NCC(C) – 15 गुणांक
   स्काउट/गाइड
   (द) प्रवीण प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी (RR-1) – 05 गुणांक
   (य) निपुण प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी (RR-2) – 10 गुणांक
   (र) राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थी (RR-3) – 15 गुणांक
   (उपरोक्त में से केवल एक अधिभार देय होगा)

**नोट : अधिकतम अधिभार केवल 25 गुणांक ही देय होगा। दो से अधिक के अधिभार जोड़े नहीं जायेंगे।**

**प्रवेश परीक्षा की तिथि–**

प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी सभी सूचनाएँ महाविद्यालय सूचना पट्ट पर **एवं कालेज की बेबसाइट पर https://www.mathurapgcollege.com दी जायेंगी।**

**प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम–**

(अ) इण्टरमीडिएट स्तर के पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जायेंगे।

# महत्त्वपूर्ण निर्देश

01. इस विवरण–पुस्तिका में दिये गये विवरण अभ्यर्थियों के सूचनार्थ तथा निर्देशार्थ हैं। अतः इसका उपयोग वर्णित कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य के लिए मान्य नहीं होगा। परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

02. **आवेदन पत्र के साथ जमा किये जाने वाले प्रमाण पत्र–**
अभ्यर्थी को अपने भरे हुये आनलाइन आवेदन की एक प्रति के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अधिभार की फोटो स्टेट प्रति स्वयं प्रमाणित कर एवं मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय लाना होगा।

03. जाली प्रमाण पत्रों के साथ जमा किया गया आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को महाविद्यालय द्वारा संचालित बाद की किसी भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा।

04. यदि किसी अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन–पत्र में दिये विवरण असत्य पाये जाते हैं तो अभ्यर्थी का अभ्यर्थन/प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थी का चयन केवल प्रवेश के लिए ही होगा। यदि अभ्यर्थी किन्हीं कारणवश (अघोषित परीक्षाफल, अपूर्ण परीक्षाफल, पूरक परीक्षा, अंकतालिका न मिलने, टी.सी. न मिलने, अन्य वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न कर पाने आदि।) प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश की सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर प्रवेश नहीं ले पाता है तो उसका चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और इसका उत्तरदायित्व महाविद्यालय पर नहीं होगा।

**विशेष ध्यानाकर्षण :–**

1. आरक्षण वर्ग के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थी यह भली–भाँति नोट कर लें कि चयनित घोषित होने के बाद भी उन्हें प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वे आरक्षण सम्बन्धी **प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूपों पर निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत करेंगे।** निर्धारित प्रारूपों पर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न कर पाने की दशा में उनका चयन निरस्त माना जायेगा और वे प्रवेश के पात्र नहीं होंगे तथा इस सम्बन्ध में उनका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**नोट :–**

(A) यदि कोई अभ्यर्थी प्रोविजनल चयनित हो जाने की दशा में अपने आरक्षण वर्ग तथा उपवर्ग होने का प्रमाण–पत्र उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत नहीं करता है अथवा आरक्षण के सम्बन्ध में उनके द्वारा दिया गया वक्तव्य असत्य पाया जाता है तो उसे किसी अन्य वर्ग में समायोजित नहीं किया जायेगा एवं उसकी पात्रता निरस्त समझी जायेगी। आनलाइन आवेदन पत्र में अभिलिखित श्रेणी एवं उप श्रेणी में किसी प्रकार के परिवर्तन का अनुरोध मान्य नहीं होगा।

(B) यदि प्रवेश हेतु सम्बन्धित शैक्षिक सत्र में घोषित अन्तिम तिथि तक विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो शासन द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## (अ) सामान्य निर्देश :–

### (1) उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन :–

(1) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर काले अथवा नीले बाल पेन द्वारा गोले काले कर देने होंगे।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र में प्रत्येक प्रश्न में उत्तर के कुल 4 विकल्प होंगे और प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 02 अंक दिये जायेंगे। उत्तर के चारों विकल्पों में सही उत्तर केवल एक ही होगा।

(3) एक से अधिक गोलों को भरने पर उत्तर गलत माना जायेगा।

(4) किसी भी प्रश्न का उत्तर न देने पर निगेटिव अंक नहीं दिये जायेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि जिस उत्तर के बारे में वे सुनिश्चित न हों उसका हल न भरें।

### (2) योग्यताक्रम सूची :

अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर तथा अधिप्रतिनिधित्व के साथ योग्यताक्रम सूची तैयार की जायेगी। यदि कुछ छात्रों के प्राप्तांक समान होते हैं तो उनकी योग्यता प्रवेश हेतु अर्हता परीक्षा के अधिक प्राप्तांक वाले को योग्यताक्रम में वरीयता देकर

निश्चित की जायेगी।

(3) **आरक्षण सम्बन्धी एवं अन्य प्रमाण–पत्र :**

आरक्षण का लाभ अनुमन्य करने हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप पर प्रमाण–पत्र काउन्सिलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा। उक्त प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना आवश्यक है। जो अभ्यर्थी आवेदन–पत्र में दर्शाये गये आरक्षण वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र काउन्सिलिंग के समय प्रस्तुत नहीं कर पायेंगे, वे उस वर्ग के अन्तर्गत आरक्षण के लाभ के पात्र नहीं होंगे एवं इस सम्बन्ध में उनका कोई भी दावा मान्य न होगा। **अत: अभ्यर्थी को चाहिए कि वह आवेदन–पत्र भरते समय आरक्षण वर्ग तथा उपवर्ग के कालम का विशेष ध्यान रखें तथा आरक्षित वर्गों की सीटों हेतु तब ही आवेदन करें, जब वे वांछित प्रमाण–पत्र रखते हों एवं जिसे काउन्सिलिंग के समय प्रस्तुत कर सकें।**

(4) **प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल :**

प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल महाविद्यालय के सूचना पट्ट **एवं कालेज की बेबसाइट पर दी जायेंगी।**

(5) **परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी को परीक्षा आरम्भ होने के आधा घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अवश्य पहुँच जाना चाहिये तथा परीक्षा केन्द्र पर लगे सीटिंग प्लान में अपना निर्धारित कक्ष देखकर परीक्षा कक्ष में पहुँचना चाहिये।

(2) **लेखन सामग्री –** परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी केवल काली या नीली बाल पेन के अतिरिक्त ऐसी कोई अन्य सामग्री न लायें जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परीक्षा में सहायक हो सके, क्योंकि ऐसी सामग्री का अभ्यर्थी के पास पाया जाना अनुचित साधन माना जा सकता है। लागटेबुल, इलेक्ट्रानिक कैलकुलेटर, स्लाइट रूल तथा किसी भी प्रकार का दूरभाष यन्त्र परीक्षा कक्ष में जाना वर्जित है। काली या नीली बाल पेन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की पेन का प्रयोग न करें।

(3) **प्रवेश–पत्र– परीक्षार्थी अपने साथ प्रवेश–पत्र अवश्य लायें, जिससे परीक्षा कक्ष में परिनिरीक्षक, केन्द्र अधीक्षक व सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर अवश्य प्रस्तुत करें। बिना प्रवेश–पत्र परीक्षा कक्ष में जाने से वंचित कर दिया जायेगा।**

## प्रवेश परीक्षा – 2021–2022

# प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में निर्देश :

(1) आपको परीक्षा कक्ष में परिनिरीक्षक द्वारा सर्वप्रथम एक विशेष प्रकार का उत्तर चार्ट (OMR) दिया जायेगा। आप इस विशेष उत्तर – चार्ट पर प्रविष्टियाँ पूर्ण करने से पूर्व भली–भाँति चेक कर लें कि कहीं यह गंदा कटा–फटा मुड़ा, सिलवट पड़ा या गोल मोड़ा गया तो नहीं है और इस पर किसी प्रकार के दाग, धब्बे तो नहीं हैं क्योंकि ऐसे उत्तर चार्ट को कम्प्यूटर द्वारा सही–सही नहीं पढ़ा जा सकेगा, जिससे आपको हानि हो सकती है। अतः ऐसे उत्तर चार्ट को तुरन्त परिनिरीक्षक से कह कर बदल लें। परीक्षा आरम्भ होने के 5 मिनट पूर्व आपको एक प्रश्न–पुस्तिका दी जायेगी, जिसमें दिये गये प्रश्नों के उत्तर, उत्तर चार्ट में भरने होंगे।

(2) उत्तर चार्ट पर वांछित सभी सूचनाएं जैसे अनुक्रमांक (अंको में), वर्ग (CATEGORY), लिंग (Gender) अभ्यर्थी **(Test Booklet Series No.) टेस्ट फार्म श्रृंखला A,B,C या D इत्यादि जैसा आप के प्रश्न पुस्तिका के आवरण पृष्ट के** ऊपर **दायी ओर अंकित होगा उस गोले को अवश्य काला करें। उत्तर पत्र चार्ट पर टेस्ट श्रृंखला अंकित नहीं करने पर उत्तर पत्र का मूल्यांकन नहीं होगा** तथा परिनिरीक्षक के हस्ताक्षर आदि को केवल बाल पेन से ही भरना है। जैसे ही उत्तर–चार्ट आपको प्राप्त होता है, उत्तर चार्ट की सारी प्रविष्टियों को बाल पेन से भर लें एवं जो न लागू होता हो, उसे छोड़ दें। उत्तर चार्ट पर Roll No. हेतु बने निर्धारित स्थान पर बाल पेन से प्रविष्टि करें तथा काले या नीले बाल पेन से सम्बन्धित अंक के गोले को काला करें।

### Name of Candidate :

अपना पूरा नाम अंग्रेजी में उसी प्रकार लिखे जैसा कि आपके हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा प्रमाण–पत्र में दिया गया है। एक चौकोर खाने में केवल एक अक्षर लिखे तथा चौकोर खाने के नीचे दिये गये सम्बन्धित गोलों को काले या नीले बाल पेन से भरें। नाम के दो भागों के बीच में एक खाना खाली छोड़े। खाली चौकोर खाने के नीचे कोई भी गोला काला न करें। अपना नाम इस प्रकार से भरे कि वह दिये गये चौकोर खानों में आ जाये। नाम के पहले श्री/श्रीमती/कुमारी आदि न लगायें। यदि आवश्यकता हो तो अपने मध्य नाम को छोटा करके लिखें।

### आप का अनुक्रमांक :

आप का अनुक्रमांक : पाँच अंको का है। जो आपके प्रवेश पत्र पर अंकित होगा। जिसे Student Roll Number के कालम में भरना है Roll No. लिखने के लिए एक कतार के पाँच खाने दिये गये हैं। प्रत्येक खाने के नीचे गोले बने हैं। जिसमें 0 से 9 तक के अंक लिखे है। उपर बने चौकोर खाने में आप अपना Roll No. बाल पेन से अंग्रेजी अंको में लिख दें तथा उससे सम्बन्धित नीचे बने गोले को काले या नीले बाल पेन से काला करें। उदाहरण O.M.R. सीट नमूना पर देख लें।

### Category :

आप जिस वर्ग के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उस वर्ग के सामने के गोले को काला करें, जैसे आप सामान्य वर्ग से सम्बन्धित हैं तो General के सामने के गोले को काला करें, यदि आप O.B.C. वर्ग के है और प्रमाण पत्र रखते हैं तो आप O.B.C. के सामने के गोले को काला करें, यदि आप S.T. वर्ग से सम्बन्धित हैं और S.T. का प्रमाण पत्र है तो S.T. के सामने के गोले को काला करें।

## Gender/Sex :

यदि आप पुरुष हैं तो Male के सामने के गोले को काला करें। यदि आप महिला अभ्यर्थी हैं तो Female के सामने के गोले को काली या नीली बाल पेन से काला करें। भरा हुआ O.M.R. सीट नमूना पर देखें।

## महत्वपूर्ण–

(1) उत्तर चार्ट में प्रश्नों के उत्तर देने हेतु गोलों में विभिन्न अंक लिखें हैं। प्रश्नों के उत्तर से सम्बन्धित अंक को केवल काले बाल पेन से गहरा काला भरना है। किसी अन्य प्रकार की पेन्सिल जैसे– H,2H,3H,B,2B,3B आदि का प्रयोग न करें अन्यथा आपके उत्तर चार्ट में बनाया गया चिन्ह (काला, निशान) कम्प्यूटर स्कैनर द्वारा ठीक से नहीं पढ़ा जा सकेगा, जिससे आपको हानि हो सकती है, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सुनिश्चित कर लें कि उत्तर चार्ट की सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण कर दी गई हैं एवं परिनिरीक्षक द्वारा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।

(2) परीक्षा प्रारम्भ होने का संकेत मिलते ही आप प्रश्न–पुस्तिका को खोलकर भली–भाँति जाँच कर लें कि उसमें पूरे सौ (100) प्रश्न क्रमानुसार छपे हैं तथा कहीं प्रिन्ट (PRINT) छूटा तो नहीं है अथवा कटी–फटी या अपूर्ण तो नहीं है। यह भी जाँच कर लें कि प्रश्न–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर टेस्ट फार्म श्रृंखला (Test Booklet Series No.) स्पष्ट एवं पठनीय है। ऐसा न होने पर तुरन्त प्रश्न–पुस्तिका बदल लें, तत्पश्चात आप प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करें। सभी रफ कार्य (ROUGH WORK) प्रश्न–पुस्तिका पर ही करें। उत्तर चार्ट (OMR) पर रफ कार्य कदापि न करें, क्योंकि ऐसा करने पर आपका उत्तर चार्ट कम्प्यूटर द्वारा सही नहीं जाँचा जायेगा। प्रश्न–पत्र में प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये होंगे, इनमें से जिस उत्तर को आप सही समझते हों, उसका उत्तर (विकल्प) संख्या चुनकर, उत्तर चार्ट में दिये गये प्रश्न की क्रम संख्या के सामने दिये गये सही उत्तर (विकल्प संख्या) वाले गोले को पूरा काले बाल पेन से काला कर दें,

(3) उत्तर चार्ट में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए प्रश्न की क्रम संख्या के सामने गोले बने हैं, जिन पर A,B,C व D शब्द अंकित है। प्रश्न–पत्र में प्रत्येक प्रश्न के सामने वैकल्पिक उत्तर A,B,C व D शब्दों द्वारा दर्शाये गये हैं। आपको इनमें से उस प्रश्न का सही उत्तर (विकल्प संख्या) चुनना है। अब आपको उत्तर चार्ट में प्रश्न की क्रम संख्या के सामने दिये गये सही उत्तर (विकल्प संख्या) वाले गोले को पूरा काले या नीले बाल पेन से भरना है। उदाहरणतया– यदि प्रश्न संख्या 21 का सही उत्तर B है तो उसे उत्तर चार्ट पर नमूना उत्तर पत्र अनुसार दर्शाया जाना चाहिए। नमूना उत्तर पत्र अर्थात् प्रश्न संख्या 21 के सामने खाना–B काले बाल पेन से पूरा काला भर दें, पुनःश्च ध्यान रहे कि उत्तर काला करने के लिए केवल बाल पेन का ही प्रयोग करना है तथा अन्य पेन्सिले H,2H,3H आदि का प्रयोग न करें क्योंकि उक्त पेन्सिलों द्वारा बनाए गए चिन्ह बहुत हल्के होंगे और कम्प्यूटर (आप्टिकल स्कैनर) द्वारा नहीं पढ़े जा सकेंगे।

## अभ्यर्थी का हस्ताक्षर सहित :

O.M.R. उत्तर पत्र पर अपना व्यावहारिक हस्ताक्षर निर्दिष्ट स्थान पर अवश्य करें। आपका हस्ताक्षर आपकी पहचान को दर्शाता है अतएव हस्ताक्षर के स्थानों पर अपने नाम को अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में न लिखें। इससे आपका अभ्यर्थन निरस्त हो सकता है।

## प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर देने की विधि

**(i)** परीक्षा के प्रारम्भ में प्रश्न–पुस्तिका तथा अलग से उत्तर–पत्र दिये जायेंगे।

**(ii)** प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही परीक्षार्थी को आश्वस्त हो जाना चाहिये कि उसके प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लेनी चाहिये।

**(iii)** परीक्षार्थी को अपना Roll No. तथा टेस्ट फार्म श्रृंखला (Test Booklet Series No.) निर्दिष्ट स्थान पर स्याही/बालपेन से लिख लेना चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्हें अपना अनुक्रमांक उत्तरपत्र के अधोभाग में उपयुक्त वृत्त में नीले/काले बाल प्वाइंट पेन से अंकित करना चाहिये।

**(iv)** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर A,B,C तथा D होंगे। परीक्षार्थी को उनमें जिसे सही उत्तर समझता है, उसका चयन करना है। उत्तरपत्र के प्रथम पृष्ठ पर वर्णित निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थी द्वारा उपयुक्त उत्तर को उसके सही वृत्त में नीले/काले बाल प्वाइंट पेन से दर्शाना है। उदाहरण के लिये यदि प्रश्न संख्या 15 के 4 वैकल्पिक उत्तरों A,B,C तथा D में से परीक्षार्थी सही उत्तर के लिये (D) का चयन करता है तो उसे उपयुक्त वृत्त में निम्नोक्त प्रकार से दिखाया जाना चाहिये।

**प्रश्न संख्या 15** Ⓐ Ⓑ Ⓒ ●

**(v)** यदि परीक्षार्थी एक से अधिक वृत्त को रंगता है तो उसका उत्तर गलत समझा जायेगा तथा यदि वृत्त को काला करने की प्रक्रिया में असमानता है अर्थात् उसके द्वारा प्रत्येक प्रश्नोंत्तरों के लिये बनाये गये काले वृत्त में एकरूपता नहीं हैं तो भी गलत उत्तर समझा जायेगा। मार्किंग के लिये अपनायी गयी अन्य विधियाँ, यथा टिक मार्क, क्रास मार्क, बिन्दु का प्रयोग, लाइनमार्क तथा आधे भरे हुये वृत्त व वृत्त के बाहर बनाये गये मार्क का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

**सही उत्तर देने की विधि–**

सही उत्तर – Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ गलत उत्तर 

**(vii)** परीक्षार्थी द्वारा हल न किये जाने वाले प्रश्नों के उत्तर वृत्तों को रिक्त छोड़ देना चाहिये।

**(viii)** प्रश्न पुस्तिका के शीर्ष आवरण के अंतर्वर्ती पृष्ठ या प्रश्न पुस्तिका के अंत के स्थान/पृष्ठ अस्वच्छ लेखन कार्य (रफ कार्य) के लिये उपयोग में लाये जा सकते हैं।

**(ix)** प्रश्न पुस्तिका के किसी भी पृष्ठ को फाड़ना या हटाना पूर्णतया वर्जित है। यदि कोई परीक्षार्थी ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो वह अनुचित साधनों के उपयोग करने की सजा का भागी होगा।

**विशेष : अभ्यर्थी ध्यान रखें कि चूंकि उत्तर स्याही से दर्शाये जा रहे है अत: एक बार दर्शाये गये उत्तर में परिवर्तन करना सम्भव नहीं होगा।**

## प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिये निर्देश

**(i)** परीक्षार्थी को अपनी प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित वैध प्रवेश–पत्र लाना चाहिये। उसे उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित अपने Roll No. की सीट पर ही स्थान ग्रहण करना चाहिये।

**(ii)** प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घण्टा के पश्चात परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

**(iii)** प्रश्नपुस्तिका में किसी प्रश्न के गलत होने पर सभी को बराबर अंक दिये जायेंगे।

**(iv)** परीक्षार्थी को परीक्षा समाप्त होने के पूर्व परीक्षा–कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

**(v)** दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के अलावा प्रवेश परीक्षाओं में 'लेखक' उपलब्ध कराने अथवा लेखक लाने का कोई प्रावधान नहीं है। दृष्टिहीन अभ्यर्थी को 'लेखक' निवेदन करने पर ही उपलब्ध कराया जायेगा।

**(vi)** किसी भी स्रोत सामग्री की तनिक भी शंका होने पर अचानक कक्ष निरीक्षक द्वारा या परीक्षा संचालन से सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा परीक्षार्थी की जाँच सहसा और बार–बार की जा सकेगी।

**(vii)** कैलकुलेटर/वॉच कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक डायरी, पेजर, मोबाइल फोन, ईयर फोन, अलार्म घड़ी, मेमोरी वाली डिजिटल घड़ी, स्लाइड रूल, इत्यादि परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है। अनुज्ञापित हथियार, आग्नेय अस्त्र, प्राणघातक हथियार के रूप में प्रयोग किये जाने वाले औंजार भी परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है।

नमूना उत्तर पत्र

## PART-A

**CANDIDATE'S NAME (IN CAPITAL LETTERS)**

RAJESH KUMAR SINGH

**Text Booklet Series No.** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ (B marked)

**Gender**

- Male ●
- Female ○

**Roll Number**

1 5 7 8 3

**Category**

- General ○
- O.B.C. ○
- S.C. ○
- S.T. ○

**Instructions**

1. Use **Black Ball Point Pen Only** to fill the Answer Sheet. Do not use Pencil to darken the bubbles. **If Pencil is used the Answer Sheet will be treated as invalid.**
2. Darken the correct option in the Answer Sheet against the question number as given in the question booklet.
3. The Answer Sheet will not be replaced. So it should not be soiled or disfigured in any way.
4. For each question in the question booklet, the correct option should be entered in the Answer Sheet only after choosing the answer carefully.

## PART-B ANSWER SHEET. Darken the correct option.

Each question has options Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ; the marked option is shown (– = none marked).

| Q | Marked | Q | Marked | Q | Marked | Q | Marked |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 26 | A | 51 | A | 76 | A |
| 2 | – | 27 | B | 52 | D | 77 | C |
| 3 | B | 28 | C | 53 | B | 78 | B |
| 4 | D | 29 | – | 54 | – | 79 | A |
| 5 | – | 30 | A | 55 | B | 80 | D |
| 6 | A | 31 | C | 56 | – | 81 | B |
| 7 | – | 32 | B | 57 | C | 82 | C |
| 8 | C | 33 | – | 58 | B | 83 | C |
| 9 | B | 34 | A | 59 | C | 84 | D |
| 10 | D | 35 | C | 60 | D | 85 | A |
| 11 | – | 36 | A | 61 | A | 86 | B |
| 12 | B | 37 | B | 62 | A | 87 | D |
| 13 | – | 38 | A | 63 | B | 88 | C |
| 14 | A | 39 | D | 64 | D | 89 | B |
| 15 | C | 40 | C | 65 | C | 90 | D |
| 16 | – | 41 | – | 66 | D | 91 | D |
| 17 | A | 42 | B | 67 | D | 92 | A |
| 18 | – | 43 | – | 68 | D | 93 | A |
| 19 | B | 44 | A | 69 | B | 94 | C |
| 20 | D | 45 | C | 70 | B | 95 | B |
| 21 | B | 46 | – | 71 | A | 96 | D |
| 22 | A | 47 | A | 72 | D | 97 | D |
| 23 | – | 48 | – | 73 | D | 98 | B |
| 24 | B | 49 | C | 74 | C | 99 | C |
| 25 | C | 50 | A | 75 | C | 100 | C |

| CANDIDATE'S SIGNATURE | OMR SHEET NO. | INVIGILATOR'S SIGNATURE |
|---|---|---|
| Rajesh | 20928 | [signature] |